भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2357
(03 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

तेलंगाना में पीएमएवाई-जी

2357. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि तेलंगाना विशेषकर महबूबनगर जिले में आज की तिथि के अनुसार, प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

तेलंगाना राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 के लिए कुल 70,674 मकानों का लक्ष्य आवंटित किया गया था। इस योजना के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2016-17 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 19078.865 लाख रू. की पहली किस्त भी जारी कर दी गई थी। लेकिन, महबूबनगर जिले सहित पूरे तेलंगाना राज्य में पीएमएवाई-जी का कार्यान्वयन शुरू नहीं हुआ है और राज्य ने योजना के एमआईएस आवास सॉफ्ट पर अब तक “शून्य” प्रगति दर्शाई है।

*****